कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दिनांक : 13/12/2021

गर्ल्स कॉलेज में टीका लगाने जागरूकता अभियान
ग्राम–कोलिहापुरी में एकदिवसीय शिविर

शासकीय डॉ. वा.वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में एक दिवसीय विशेष शिविर गोद ग्राम कोलिहापुरी में लगाया गया। इस शिविर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं ब्लु ब्रिगेड की छात्राओं ने कोरोना वैक्सिन के प्रचार–प्रसार, कोरोना जागरूकता, स्वच्छता जागरूकता अभियान चलाया गया। कोलिहापुरी के प्राथमिक एवं माध्यमिक पाठशाला में छात्र–छात्राओं को मॉस्क लगाने, भीड़ से बचने, सेनेटाइजर के उपयोग के संबंध में जानकारी दी गई। स्वच्छता के अन्तर्गत अच्छी तरह से हाथ धोने, प्रतिदिन स्नान करने, स्वच्छ कपड़े पहनने का सुझाव दिया गया। छात्राओं द्वारा सामान्य ज्ञान एवं विषय से संबंधित अध्यापन कार्य किया गया। स्कूली छात्राओं को गुड टच एवं बेड टच की जानकारी भी प्रदान की गई। ग्रामीणों को घर–घर जाकर कोरोना जागरूकता के अन्तर्गत वैक्सिन लगाने हेतु प्रोत्साहित किया गया।

मतदाता जागरूकता के अन्तर्गत अपने मत का सही उपयोग करने, सही प्रतिनिधि चुनने, जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता अभियान के अन्तर्गत ग्रामीणों को गली–गली में लगे नलों के आसपास एवं घर के आसपास की सफाई के लिए जागरूक किया तथा उन्हें गंदगी से होने वाली बीमारियों की जानकारी देते हुए उससे बचने के उपाय बताये। ग्राम के सरपंच श्री ज्वाला–प्रसाद देशमुख प्राथमिक शाला की प्रधानपाठिका–श्रीमती राखी गुप्ता, माध्यमिक शाला के प्रधानपाठक श्री रामकुमार वर्मा का विशेष योगदान रहा।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी के कुशल मार्गदर्शन एवं डॉ. सुचित्रा खोब्रागढ़े, डॉ. यशेश्वरी ध्रुव, श्री विमल यादव, श्री विजय चन्द्राकर, कु. खेमलता, कु. पूजा कु. श्वेता साहू, कु. नम्रता बंजारे, कु. अंशु के सहयोग से एक दिवसीय शिविर सुचारू रूप से सम्पन्न हुआ।

(डॉ0 सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

गर्ल्स कॉलेज में टीका लगाने जागरूकता अभियान
ग्राम–कोलिहापुरी में एकदिवसीय शिविर